# एक्शन अवतार में दिखेंगे अहान पांडे

**अहन** पांडे इन दिनों बॉलीवुड के सबसे चर्चित न्यूकमर्स में शामिल हो चुके हैं. उनकी डेब्यू फिल्म सैयारा ने रिलीज होते ही दर्शकों के बीच जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की और फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई. पहली ही फिल्म की सफलता ने अहान को इंडस्ट्री में मजबूत पहचान दिला दी है. अब खबर है कि वह अपनी अगली फिल्म के लिए बड़े स्तर पर तैयारी कर रहे हैं.

यश राज फिल्म्स ने अहान पांडे को एक बड़े एक्शन प्रोजेक्ट के लिए साइन किया है. इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास ज़फर करेंगे, जो बड़े पैमाने की एक्शन फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. बताया जा रहा है कि इस फिल्म में अहान का अब तक का सबसे सॉलिड और दमदार अवतार देखने को मिलेगा. फिल्म की तैयारी के लिए अहान विदेश जाने वाले हैं. करीब 7000 किलोमीटर दूर वह इंटरनेशनल एक्शन एक्सपर्ट्स के साथ ट्रेनिंग लेंगे. इसमें स्टंट, फाइट सीक्वेंस, बॉडी मूवमेंट और हाई-इंटेंसिटी एक्शन की खास तैयारी शामिल होगी. मेकर्स चाहते हैं कि फिल्म में उनका एक्शन पूरी तरह रियल और अलग दिखाई दे. अहान भी इस प्रोजेक्ट को लेकर बेहद गंभीर हैं और अपने किरदार के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. वह सिर्फ स्क्रीन पर स्टाइलिश दिखना नहीं चाहते, बल्कि एक भरोसेमंद एक्शन हीरो के रूप में खुद को स्थापित करना चाहते हैं. यही वजह है कि उन्होंने लंबे समय की ट्रेनिंग और फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन के लिए खुद को पूरी तरह तैयार कर लिया है. अली अब्बास ज़फर इससे पहले भी कई बड़े सितारों के साथ एक्शन फिल्में बना चुके हैं और उनकी फिल्मों में बड़े पैमाने का विजुअल ट्रीटमेंट देखने को मिलता है. ऐसे में



अहान पांडे की यह नई फिल्म भी बड़े बजट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर हो सकती है. फिलहाल फिल्म की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है, लेकिन जिस तरह की तैयारियों की खबरें सामने आ रही हैं, उससे साफ है कि मेकर्स अहान पांडे को बॉलीवुड के अगले बड़े एक्शन स्टार के रूप में पेश करने की योजना बना रहे हैं. फैन्स भी अब उनके इस नए अवतार को देखने के लिए बेहद उत्साहित नजर आ रहे हैं.

## तुम्बाड 2 टीम ने नवाजुद्दीन को किया बर्थडे विश

**भारतीय** सिनेमा की सबसे चर्चित हॉरर फिल्मों में शामिल तुम्बड़ का सीक्वल इन दिनों लगातार सुर्खियों में बना हुआ है. फिल्म की घोषणा के बाद से ही दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. अब इस चर्चा को और हवा मिल गई है, क्योंकि खबर सामने आई है कि दमदार अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी तुम्बाड 2 का हिस्सा बन सकते हैं. इस चर्चा की शुरुआत तब हुई जब अभिनेता और निर्माता सोहम साहा ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी के जन्मदिन पर एक खास पोस्ट शेयर किया. पोस्ट में उन्होंने नवाज की तारीफ करते हुए उन्हें बेहद खास अंदाज में बर्थडे विश किया. इसके बाद सोशल मीडिया पर फैंस ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया कि नवाज अब 'तुम्बाड 2' की रहस्यमयी दुनिया में दिखाई दे सकते हैं. पहली फिल्म 'तुम्बाड' ने अपनी अनोखी कहानी, डरावने माहौल और शानदार सिनेमैटोग्राफी से दर्शकों को चौंका दिया था.

# कान्स में सोनम का जलवा

**सोनम** छाबरा ने एक बार फिर कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपनी मौजूदगी से फैन्स का दिल जीत लिया है. डिजिटल क्रिएटर और होस्ट के तौर पर अपनी अलग पहचान बना चुकीं सोनम इस बार भी कान्स के रेड कार्पेट पर बेहद स्टाइलिश और ग्लैमरस अंदाज में नजर आईं. उनकी खूबसूरत तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं और लोग उनके फैशन सेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं.

सोनम छाबड़ा के लिए यह कान्स फिल्म फेस्टिवल का तीसरा साल है. लगातार तीन वर्षों से इस प्रतिष्ठित इंटरनेशनल मंच का हिस्सा बनना उनके बढ़ते प्रभाव और लोकप्रियता को दिखाता है. इस बार उन्होंने जिस अंदाज में अपनी तस्वीरें शेयर कीं, उसने फैन्स को पूरी तरह दीवाना बना दिया. उनके आउटफिट, मेकअप और कॉन्फिडेंस ने लोगों का ध्यान खींच लिया. तस्वीरों में सोनम बेहद एलिगेंट और क्लासी लुक में दिखाई दीं. फैशन एक्सपर्ट्स भी उनके स्टाइल की चर्चा कर रहे हैं. सोशल मीडिया यूजर्स ने उनकी तुलना कई इंटरनेशनल फैशन आइकॉन्स से की है. कुछ लोगों का कहना है कि सोनम हर साल पहले से ज्यादा स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट नजर आती हैं. कान्स हमेशा से दुनिया के सबसे बड़े फिल्म और फैशन आयोजनों में गिना जाता है. यहां दुनियाभर के फिल्म स्टार्स, मॉडल्स और डिजिटल पर्सनैलिटीज अपने स्टाइल का जलवा बिखेरते हैं. ऐसे में किसी भारतीय डिजिटल क्रिएटर का लगातार इस मंच पर जगह बनाना बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है. सोनम छाबड़ा सोशल मीडिया पर पहले से ही काफी लोकप्रिय हैं.



## मानसी जोशी रॉय का उंधियू बना सेट की परंपरा



ज़ी टीवी का 'लक्ष्मी निवास' अपनी दिल छू लेने वाली कहानी के जरिए मिडिल क्लास परिवार की जिंदगी, रिश्तों और अपनों के बीच के प्यार को बेहद खूबसूरती से दिखा रहा है. शो में जिस अपनापन और गर्मजोशी को दर्शक महसूस करते हैं, वैसा ही माहौल सेट पर भी देखने को मिलता है, खासकर जब बात खाने और साथ बैठकर वक्त बिताने की हो. शो में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं सीनियर एक्ट्रेस मानसी जोशी रॉय ने अनजाने में ही एक प्यारी सी परंपरा एक ज़ी टीवी शो से दूसरे शो तक पहुंचा दी है. 'मां भी सास बहू थी' के दौरान मानसी अपने हाथ का बना उंधियू सेट पर लेकर आया करती थीं, जिसका पूरी कास्ट और क्रू बेसब्री से इंतजार करता था. अब सालों बाद 'लक्ष्मी निवास' के सेट पर भी वही सिलसिला जारी है और खाने का यह वक्त पूरी टीम के लिए छोटे से जश्न जैसा बन गया है. इस बारे में बात करते हुए मानसी जोशी रॉय कहती हैं, मुझे लोगों को अपने हाथ का बना खाना खिलाना सच में बहुत पसंद है. इसलिए जब भी मैं घर पर कुछ बनाती हूं, खासकर उंधियू, तो उसे सेट पर लेकर आना और सबके साथ बांटना अच्छा लगता है.


## जूही मुई में ईशा सिंह मुख्य भूमिका निभा रही हैं



दुनिया हमेशा एक ख़ास तरह की बुद्धिमत्ता पर भरोसा करती आई है यह मानते हुए कि प्रतिभा को शब्दों में ढाला जाना चाहिए और आत्मविश्वास को ज़ोर से जताना चाहिए. लेकिन कुछ दिमाग़ ऐसे भी होते हैं जो इस खेल में शामिल नहीं होते वे भावनाओं से ज़्यादा तर्क पर चलते हैं, मनाने से ज़्यादा सटीकता पर भरोसा करते हैं और सामाजिक दिखावे से ज़्यादा सच्चाई को अहमियत देते हैं. इसी अनदेखी दुनिया को कलर्स अपने नए शो 'जूही मुई' के प्रोमो के ज़रिए सामने ला रहा है, जिसमें ईशा सिंह मुख्य किरदार निभा रही हैं. यह सोचने पर मजबूर कर देने वाला ड्रामा जूही सूरी की कहानी है एक प्रतिभाशाली लड़की जिसका असाधारण दिमाग़ उन पैटर्न्स और सच्चाइयों को पकड़ लेता है जिन्हें बाकी लोग नज़रअंदाज़ कर देते हैं. पिता की लीगल प्रैक्टिस के माहौल में पली-बढ़ी जूही की यह अनोखी बुद्धिमत्ता क़ानून की दुनिया में उसकी सबसे बड़ी ताक़त बन सकती है. लेकिन एक ऐसे समाज में जहाँ शोर और जल्दबाज़ी से फैसले लिए जाते हैं, क्या दुनिया उस इंसान को जगह देगी जो परंपरागत नियमों का पालन नहीं करती... या फिर यह असामान्य बुद्धिमत्ता अपनी जगह बना पाएगी. शो का हिस्सा बनने पर ईशा सिंह कहती हैं : 'जूही मुई' का भरोसा मुझे दिया जाना मेरे लिए ज़िम्मेदारी और सम्मान है, जिसे मैं ज़िंदगी भर निभाऊँगी.

# ड्रैगन के ग्लिंप्स ने मचाई सनसनी

**साउथ** इंडस्ट्री के पॉपुलर स्टार जूनियर एनटीआर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ड्रैगन को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं. फिल्म का पहला ग्लिंप्स रिलीज होते ही इंटरनेट पर वायरल हो गया और फैन्स के बीच इसकी जबरदस्त चर्चा शुरू हो गई. वीडियो में जूनियर एनटीआर का अब तक का सबसे रॉ और पावरफुल अवतार देखने को मिला, जिसने दर्शकों की एक्साइटमेंट कई गुना बढ़ा दी है. ग्लिंप्स में जूनियर एनटीआर लंबे बाल, भारी दाढ़ी और दमदार एक्शन स्टाइल में नजर आए. बैकग्राउंड म्यूजिक, डार्क विजुअल टोन और बड़े पैमाने पर शूट किए गए सीन्स ने फिल्म को एक विशाल एक्शन ड्रामा जैसा फील दिया। यही वजह है कि कई दर्शकों को यह अंदाज प्रभास की सुपरहिट फिल्म सालार जैसा महसूस हुआ. सोशल मीडिया पर फैन्स लगातार दोनों फिल्मों के विजुअल्स और ट्रीटमेंट की तुलना कर रहे हैं. कई यूजर्स का कहना है कि 'ड्रैगन' का ग्लिंप्स उसी तरह की मास अपील और इंटेंस एनर्जी देता है,



जैसी 'सलार' में देखने को मिली थी. खासकर जूनियर एनटीआर की स्क्रीन प्रेजेंस और उनके एक्शन सीक्वेंस ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है. हालांकि कुछ फैन्स का मानना है कि 'ड्रैगन' अपनी अलग कहानी और दुनिया के साथ दर्शकों के सामने आएगी और इसे सिर्फ 'सलार' से जोड़कर देखना सही नहीं होगा. फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है. 'ड्रैगन' अगले साल 11 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

फिलहाल फिल्म की शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन पर तेजी से काम चल रहा है. मेकर्स इसे बड़े बजट और हाई-ऑक्टेन एक्शन के साथ पेश करने की तैयारी में हैं.जूनियर एनटीआर पहले भी अपनी दमदार परफॉर्मेंस और मास एंटरटेनर फिल्मों के जरिए बॉक्स ऑफिस पर बड़ा असर छोड़ चुके हैं. ऐसे में 'ड्रैगन' से भी दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं. ग्लिंप्स ने साफ कर दिया है कि फिल्म सिर्फ एक्शन तक सीमित नहीं होगी, बल्कि इसमें बड़े स्तर का विजुअल एक्सपीरियंस और दमदार कहानी भी देखने को मिल सकती है.

## लड़ना अब भी याद है मुझे : सलमान

**मुंबई** में मंगलवार शाम उस वक्त माहौल अचानक गर्म हो गया, जब बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान हिंदुजा हॉस्पिटल के बाहर पैपराजी पर भड़क उठे. अभिनेता अपने एक करीबी से मिलने अस्पताल पहुंचे थे. जैसे ही सलमान बाहर निकले, वहां मौजूद फोटोग्राफर्स और वीडियो कैमरों की भीड़ ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया. लगातार तस्वीरें खींचे जाने और सवाल पूछे जाने से सलमान का गुस्सा अचानक फूट पड़ा. उन्होंने तीखे अंदाज में कहा कि 60 साल का हो गया हूं, लेकिन लड़ना नहीं भूला हूं. इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा कि बार-बार उकसाने की कोशिश की जा रही है और अगर कोई उन्हें गलत तरीके से टारगेट करेगा तो वो चुप नहीं बैठेंगे.

घटना के कुछ समय बाद सलमान खान ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर भी एक पोस्ट साझा किया. पोस्ट में उन्होंने निजी जिंदगी में



दखल देने और परिवार-जैसे हालातों में कैमरे घुसाने पर नाराजगी जताई. सलमान ने साफ शब्दों में लिखा कि सम्मान हर इंसान का अधिकार है और लगातार सीमा पार करना ठीक नहीं है.

## प्रीति-कुणाल की वाईब ने बढ़ाया सस्पेंस

**बॉलीवुड** अभिनेताकुणाल खेमू और अभिनेत्री प्रीति ज़िंटा की अपकमिंग फिल्म वाईब इन दिनों लगातार चर्चा में बनी हुई है. फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है और यह 18 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, क्योंकि इसमें दोस्ती, थ्रिल और रहस्य का अनोखा मेल देखने को मिलेगा.

ड्रोंगो फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म को कुणाल खेमू और चिराग निहलानी ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में कुणाल खेमू



और प्रीति जी जिंटा के अलावा स्पर्श श्रीवास्तव और वंशिका धीर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. फिल्म की स्टारकास्ट को लेकर सोशल मीडिया पर पहले से ही चर्चा तेज है. खासकर प्रीति जिंटा की वापसी को लेकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं. फिल्म की कहानी दो बेहद करीबी दोस्तों के इर्द-गिर्द घूमती है.





# वैज्ञानिकों को मिला कैंसर का ब्रह्मास्त्र

### लिक्विड गोल्ड से इलाज में नई उम्मीद

**कैंसर** जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी के इलाज को लेकर वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खोज की है, जिसने मेडिकल साइंस की दुनिया में नई उम्मीद जगा दी है. जापान की तोहोकु यूनिवर्सिटी के रिसर्चर्स ने 'लिक्विड गोल्ड' यानी तरल सोना के ऐसे नैनोपार्टिकल्स तैयार किए हैं, जिन्हें भविष्य में कैंसर के खिलाफ सबसे प्रभावी हथियार माना जा सकता है.

ये खास गोल्ड नैनोपार्टिकल्स किसी जीवित कोशिका की तरह व्यवहार करते हैं. वे अपने आसपास के माहौल के अनुसार अपना आकार और संरचना बदल सकते हैं. यही विशेषता उन्हें मेडिकल फील्ड में बेहद खास बनाती है. रिसर्चर्स का कहना है कि इस तकनीक का सबसे बड़ा फायदा सटीक ड्रग डिलीवरी सिस्टम में देखने को मिलेगा. अभी कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली कई दवाएं स्वस्थ कोशिकाओं को भी नुकसान पहुंचाती हैं. खासकर कीमोथेरेपी के दौरान मरीजों को गंभीर साइड इफेक्ट्स झेलने पड़ते हैं. लेकिन 'लिक्विड गोल्ड' तकनीक की मदद से दवा को सीधे कैंसर ट्यूमर तक पहुंचाया जा सकेगा. इससे इलाज ज्यादा असरदार और सुरक्षित हो सकता है.


यह तकनीक भविष्य में कैंसर उपचार की पूरी प्रक्रिया बदल सकती है. ये नैनोपार्टिकल्स शरीर के भीतर जाकर जरूरत के अनुसार प्रतिक्रिया कर सकते हैं और सिर्फ संक्रमित हिस्से पर असर डालेंगे. इससे स्वस्थ कोशिकाओं को कम नुकसान पहुंचेगा और मरीज तेजी से रिकवर कर सकेंगे.

दुनियाभर में हर साल लाखों लोग कैंसर की वजह से जान गंवाते हैं. ऐसे में 'लिक्विड गोल्ड' जैसी नई खोज मेडिकल साइंस के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है. आने वाले वर्षों में यह तकनीक कैंसर समेत कई जटिल बीमारियों के इलाज में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है.

# वैज्ञानिकों ने खोजा क्वांटम मापन का नया तरीका

**क्वांटम** भौतिकी को लंबे समय से विज्ञान की सबसे रहस्यमयी शाखाओं में गिना जाता है. यहां ऐसे नियम लागू होते हैं, जो सामान्य दुनिया के अनुभवों से बिल्कुल अलग दिखाई देते हैं. इसी क्षेत्र में भारतीय वैज्ञानिकों ने एक नया और चौंकाने वाला अध्ययन प्रस्तुत किया है, जिसने क्वांटम सिद्धांतों की पारंपरिक समझ को नई दिशा दे दी है.

शोधकर्ताओं ने अध्ययन में क्वांटम कणों के स्पिन व्यवहार की जांच की. स्पिन को कणों का एक मूलभूत क्वांटम गुण माना जाता है, जो यह निर्धारित करता है कि वे बाहरी प्रभावों पर कैसे प्रतिक्रिया देंगे. वैज्ञानिकों ने दो प्रकार की अवस्थाओं का अध्ययन किया. पहली अवस्था में दोनों कणों के स्पिन एक ही दिशा में थे, जिसे समानांतर अवस्था कहा गया. दूसरी अवस्था में दोनों स्पिन एक-दूसरे के विपरीत दिशा में रखे गए, जिसे विपरीत समानांतर अवस्था कहा गया. सामान्य वैज्ञानिक सोच के अनुसार यह अपेक्षा की जाती है कि समान अवस्थाओं वाले कण अधिक विश्वसनीय जानकारी देंगे, क्योंकि दोनों में समान गुण मौजूद होते हैं. लेकिन



प्रयोगों और गणनाओं में वैज्ञानिकों को उलटा परिणाम मिला. अध्ययन में सामने आया कि विपरीत समानांतर स्पिन वाले कण, तीन अलग-अलग और परस्पर असंगत स्पिन घटकों की एक साथ अधिक सटीक भविष्यवाणी करने में सक्षम हैं. यह निष्कर्ष क्वांटम भौतिकी के मूलभूत सिद्धांतों, विशेष रूप से हाइजेनबर्ग के अनिश्चितता सिद्धांत और बोहर के पूरकता सिद्धांत से जुड़ा हुआ है. ये सिद्धांत बताते हैं कि किसी क्वांटम प्रणाली के सभी गुणों को एक साथ पूरी सटीकता से मापना संभव नहीं होता. हालांकि इस नए अध्ययन ने संकेत दिया है कि यदि क्वांटम अवस्थाओं को विशेष तरीके से तैयार किया जाए, तो कुछ सीमाओं को अप्रत्याशित रूप से बेहतर ढंग से संभाला जा सकता है. यह खोज भविष्य की क्वांटम तकनीकों के लिए बेहद अहम साबित हो सकती है.

# अंतरिक्ष से दिखती भारत की अनोखी झील

**भारत** की प्राकृतिक खूबसूरती में कई ऐसे रहस्य छुपे हैं, जो दुनियाभर के वैज्ञानिकों और पर्यटकों को हैरान कर देते हैं. इन्हीं में से एक है लोकटक लेक, जो मणिपुर में स्थित है. यह झील अपनी अनोखी बनावट और तैरते हुए द्वीपों की वजह से पूरी दुनिया में मशहूर है. खास बात यह है कि यह झील अंतरिक्ष से भी साफ दिखाई देती है और इसकी सैटेलाइट तस्वीरें वैज्ञानिकों के लिए अध्ययन का बड़ा विषय बन चुकी हैं.



लोकटक झील की सबसे रहस्यमयी चीज हैं इसके 'फुमदी'. ये तैरते हुए जैविक द्वीप होते हैं, जो मिट्टी, वनस्पतियों और जैविक पदार्थों से मिलकर बने होते हैं. ये फुमदी लगातार पानी की सतह पर तैरते रहते हैं और मौसम के अनुसार अपनी जगह बदलते रहते हैं. कुछ फुमदी इतने बड़े हैं कि उन पर इंसानों ने घर तक बना लिए हैं. यहां रहने वाले लोग इन्हीं तैरते टापुओं पर मछली पकड़कर अपना जीवन यापन करते हैं. यह झील सिर्फ प्राकृतिक अजूबा ही नहीं, बल्कि एक पूरा जीवित इकोसिस्टम मानी जाती है. यहां कई दुर्लभ जीव-जंतु और पक्षियों की प्रजातियां पाई जाती हैं. इसी झील के पास स्थित केइबुल लामजाओ नेशनल पार्क दुनिया का इकलौता तैरता हुआ राष्ट्रीय उद्यान माना जाता है. यहां विलुप्तप्राय संगाई हिरण भी पाया जाता है.

# दमदार कैमरा और पावरफुल चिप के साथ ओप्पो एक्स 9 होगा लांच

**ओप्पो** का आगामी स्मार्टफोन फाइंड एक्स नाइन अल्ट्रा लॉन्च से पहले ही टेक जगत में चर्चा का विषय बना हुआ है. यह डिवाइस खास तौर पर कैमरा परफॉर्मेंस को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे यह सीधे तौर पर अन्य प्रीमियम फ्लैगशिप फोन्स को चुनौती दे सकता है.

सबसे बड़ी खासियत इसका 200एमपी का प्राइमरी कैमरा बताया जा रहा है, जो यूजर्स को डीएसएलआर जैसी क्वालिटी की तस्वीरें लेने का अनुभव दे सकता है. इस हाई-रेजोल्यूशन सेंसर के साथ एडवांस एआई प्रोसेसिंग और इमेज स्टेबिलाइजेशन तकनीक भी देखने को मिल सकती है. प्रोसेसर की बात करें तो इसमें क्वालकॉम का लेटेस्ट स्नैपड्रगन चिपसेट मिलने की उम्मीद है, जो मल्टीटास्किंग, गेमिंग और हाई-परफॉर्मेंस टास्क्स को बेहद स्मूथ बना सकता है. इसके साथ ही, फोन में हाई रिफ्रेश रेट वाली अमोलेड डिस्प्ले और प्रीमियम डिजाइन भी शामिल होने की संभावना है, जो यूजर्स को शानदार विजुअल



ओप्पो एक्स नाइन अल्ट्रा को खास तौर पर उन यूजर्स के लिए डिजाइन किया जा रहा है, जो स्मार्टफोन को सिर्फ एक डिवाइस नहीं बल्कि एक क्रिएटिव टूल के रूप में इस्तेमाल करना चाहते हैं. चाहे फोटोग्राफी हो, वीडियो शूटिंग या हाई-एंड गेमिंग यह फोन हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन देने का दावा करता है .ओप्पो का यह नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन लॉन्च के बाद प्रीमियम सेगमेंट में बड़ा बदलाव ला सकता है और कैमरा-केंद्रित स्मार्टफोन की नई परिभाषा तय कर सकता है.

एक्सपीरियंस देगा.

बैटरी और चार्जिंग के मामले में भी ओप्पो अपने यूजर्स को निराश नहीं करेगा. इसमें फास्ट चार्जिंग टेक्नोलॉजी के साथ बड़ी बैटरी दी जा सकती है, जिससे लंबे समय तक बिना रुकावट के उपयोग संभव होगा. इसके अलावा, फोन में बेहतर कूलिंग सिस्टम और एडवांस सिक्योरिटी फीचर्स भी शामिल किए जा सकते हैं.